भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1808**

उत्तर देने की तारीख : 10.12.2025

**नई उड़ान और नया सवेरा योजनाओं का क्रियान्वयन**

**1808. श्री गौरव गोगोईः**

**डॉ. मोहम्मद जावेद:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूर्ववर्ती नई उड़ान और नया सवेरा योजनाओं के अन्तर्गत प्रारम्भ से लेकर अब तक आवेदकों की संख्या, नामांकित व्यक्तियों की संख्या और प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन योजनाओं के अन्तर्गत प्रारम्भ से लेकर अब तक सहायता प्राप्त करने वाले अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों की संख्या का परीक्षा-वार और वर्षवार ब्यौरा क्या है, जिन्होंने बाद में संघ लोक सेवा आयोग, एसएससी, राज्य लोक सेवा आयोगों तथा अन्य अर्हक अथवा भर्ती परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है;

(ग) योजना को लागू करने के लिए पैनल में शामिल परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (पीआईए) का ब्यौरा क्या है, क्या पैनल में शामिल किसी एजेंसी को रद्द किया गया, उन्होंने अपना नाम वापस लिया या उन्हें बीच में हटाना पड़ा और यदि हां तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या किसी पैनल को रद्द, वापस या बंद कर दिया गया है और यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं, साथ ही वे कौन सी विशेष परियोजना के लिए पैनल में शामिल किए गए थे और प्रशिक्षित उम्मीदवारों के प्लेसमेंट सहित उनकी सफलता दर वर्ष-वार क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) से (घ) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले अल्पसंख्यक छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'नई उड़ान' योजना लागू की है।

इसके अतिरिक्त, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने "अल्पसंख्यक समुदायों के अभ्यर्थियों/छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग और संबद्ध योजना/नया सवेरा" नामक एक योजना भी लागू की, जिसके तहत तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अर्हक परीक्षाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों, रेलवे आदि सहित केंद्र और राज्य सरकारों के अंतर्गत समूह 'क', 'ख' और 'ग' सेवाओं और अन्य समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी

परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग के माध्यम से अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों/अभ्यर्थियों की सहायता के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गई।

'नई उड़ान' और 'नया सवेरा' योजनाएँ वित्तीय वर्ष 2022-23 से बंद कर दी गई हैं। 'नई उड़ान' योजना के अंतर्गत लाभान्वित छात्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुबंध-I में संलग्न है। इसके अलावा, 'नया सवेरा' योजना के तहत लाभान्वित/प्रशिक्षित लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुबंध-II में संलग्न है।

नई उड़ान योजना के अंतर्गत, वित्तीय सहायता केवल उन छात्रों को प्रदान की गई थी जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, राज्य लोक सेवा आयोगों की प्रारंभिक परीक्षाएं और अन्य अर्हता या भर्ती परीक्षाएं उत्तीर्ण की थीं। हालांकि, जिन छात्रों ने अंतत: परीक्षा उत्तीर्ण की, उनके विवरण इस योजना के अंतर्गत नहीं रखे जाते।

'नई उड़ान' योजना के अंतर्गत, वित्तीय सहायता सीधे सफल उम्मीदवारों को प्रदान की गई। इसके अलावा, 'नया सवेरा' योजना के अंतर्गत, योजनाओं को लागू करने हेतु नियुक्त परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

*****

**अनुबंध–I**

**'नई उड़ान और नया सवेरा योजनाओं का क्रियान्वयन' विषय पर श्री गौरव गोगोई और डॉ. मोहम्मद जावेद द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 10.12.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1808 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| नई उड़ान योजना के अंतर्गत अब तक राज्यवार और वर्षवार लाभार्थियों की संख्या दर्शाने वाला विवरण | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 5 | 3 | 3 | 6 | 7 | 1 | 6 | 4 | 6 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 1 | 1 | 2 | 0 | 53 | 2 | 74 | 19 | 0 |
| 3 | असम | 6 | 19 | 10 | 25 | 21 | 3 | 49 | 2 | 88 | 4 |
| 4 | बिहार | 23 | 27 | 117 | 27 | 68 | 85 | 101 | 39 | 142 | 8 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 0 | 4 | 2 | 2 | 0 | 2 | 19 | 10 | 6 | 1 |
| 6 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 1 | 3 | 14 | 26 | 112 | 14 | 1 | 9 | 33 | 6 |
| 8 | हरियाणा | 1 | 6 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 4 | 8 | 0 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1 | 0 | 0 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | 17 | 14 | 51 | 19 | 270 | 287 | 25 | 6 | 509 | 30 |
| 11 | झारखंड | 9 | 10 | 8 | 7 | 2 | 31 | 10 | 5 | 37 | 25 |
| 12 | कर्नाटक | 2 | 7 | 26 | 11 | 70 | 5 | 7 | 13 | 7 | 0 |
| 13 | केरल | 15 | 30 | 35 | 36 | 25 | 19 | 42 | 25 | 51 | 1 |
| 14 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 4 | 54 | 57 | 21 | 49 | 62 | 16 | 141 | 103 | 19 |
| 16 | महाराष्ट्र | 16 | 21 | 25 | 32 | 37 | 32 | 100 | 40 | 64 | 2 |
| 17 | मणिपुर | 89 | 307 | 304 | 141 | 154 | 8 | 135 | 182 | 218 | 18 |
| 18 | मेघालय | 4 | 18 | 9 | 3 | 1 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 |
| 19 | मिजोरम | 146 | 39 | 0 | 27 | 25 | 24 | 1 | 1 | 63 | 52 |
| 20 | नागालैंड | 8 | 23 | 15 | 6 | 16 | 7 | 5 | 10 | 15 | 8 |
| 21 | ओडिशा | 0 | 1 | 2 | 0 | 2 | 4 | 1 | 2 | 19 | 0 |
| 22 | पंजाब | 5 | 3 | 15 | 9 | 7 | 19 | 4 | 8 | 2 | 0 |
| 23 | राजस्थान | 9 | 14 | 25 | 23 | 14 | 36 | 2 | 4 | 36 | 6 |
| 24 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | तमिलनाडु | 8 | 15 | 12 | 42 | 24 | 16 | 52 | 8 | 32 | 3 |
| 26 | तेलंगाना | 0 | 2 | 5 | 5 | 6 | 1 | 2 | 2 | 2 | 0 |
| 27 | त्रिपुरा | 5 | 4 | 2 | 2 | 7 | 0 | 4 | 2 | 4 | 0 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 32 | 27 | 81 | 81 | 66 | 50 | 84 | 48 | 82 | 13 |
| 29 | उत्तराखंड | 1 | 0 | 2 | 2 | 4 | 2 | 0 | 2 | 4 | 12 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 68 | 101 | 219 | 291 | 429 | 409 | 859 | 181 | 70 | 135 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | दमन एवं दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 35 | दिल्ली | 8 | 32 | 24 | 5 | 6 | 5 | 3 | 9 | 15 | 2 |
| 36 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 37 | पुदुचेरी | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| कुल योग | | 483 | 786 | 1071 | 858 | 1427 | 1182 | 1539 | 832 | 1641 | 346 |

अनुबंध–II

'नई उड़ान और नया सवेरा योजनाओं का क्रियान्वयन' विषय पर श्री गौरव गोगोई और डॉ. मोहम्मद जावेद द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 10.12.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1808 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

<u>वर्ष 2007-08 से 2021-22 तक, नया सवेरा योजना - निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना के तहत नामांकित/प्रशिक्षित लाभार्थियों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या</u>

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (लाभान्वित) | छात्रों की संख्या (आबंटित) | छात्रों की संख्या (आबंटित) | छात्रों की संख्या (आबंटित) |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 185 | 650 | 100 | 50 | 200 | 300 | 2260 | 3650 | 640 | 2160 | 260 | 400 | 500 | 400 | 400 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 90 | 0 | 150 | 500 | 1100 | 150 | 200 | 280 | 30 | 0 | 0 | 50 | 100 | 0 | 0 |
| 5 | बिहार | 0 | 0 | 100 | 500 | 1000 | 400 | 50 | 0 | 0 | 0 | 0 | 100 | 100 | 0 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 50 | 0 | 0 | 0 | 0 | 80 | 0 | 290 | 260 | 250 | 50 | 190 | 50 | 50 |
| 7 | छत्तीसगढ | 80 | 90 | 50 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| 8 | दादर और नगर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दमन एवं दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | दिल्ली | 473 | 541 | 500 | 0 | 0 | 356 | 1057 | 50 | 2014 | 265 | 645 | 328 | 50 | 0 | 0 |
| 11 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 50 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 1 | गुजरात | 0 | 100 | 0 | 50 | 0 | 125 | 150 | 50 | 560 | 0 | 618 | 550 | 600 | 200 | 200 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 13 | हरियाणा | 50 | 140 | 40 | 100 | 200 | 100 | 150 | 0 | 100 | 60 | 210 | 50 | 300 | 300 | 300 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 25 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | जम्मू एवं कश्मीर | 240 | 0 | 0 | 0 | 500 | 150 | 190 | 300 | 120 | 90 | 490 | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 16 | झारखंड | 0 | 75 | 0 | 200 | 500 | 0 | 90 | 0 | 360 | 0 | 0 | 360 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | कर्नाटक | 450 | 520 | 535 | 0 | 500 | 100 | 550 | 300 | 2545 | 400 | 2219 | 1049 | 1050 | 400 | 400 |
| 18 | केरल | 0 | 200 | 25 | 600 | 500 | 350 | 450 | 200 | 200 | 220 | 700 | 590 | 640 | 0 | 0 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 90 | 220 | 215 | 0 | 150 | 500 | 590 | 0 | 370 | 55 | 435 | 680 | 780 | 300 | 500 |
| 20 | महाराष्ट्र | 0 | 980 | 130 | 2200 | 200 | 320 | 430 | 204 | 3160 | 640 | 1550 | 1390 | 940 | 50 | 500 |
| 21 | मणिपुर | 160 | 118 | 230 | 30 | 0 | 700 | 200 | 159 | 60 | 60 | 100 | 60 | 140 | 50 | 100 |
| 22 | मेघालय | 0 | 0 | 50 | 0 | 0 | 0 | 0 | 100 | 110 | 0 | 110 | 100 | 100 | 100 | 0 |
| 23 | मिजोरम | 250 | 180 | 50 | 0 | 300 | 100 | 50 | 60 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | नागालैंड | 0 | 50 | 0 | 0 | 0 | 50 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | ओडिशा | 190 | 75 | 230 | 70 | 0 | 250 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | पंजाब | 160 | 50 | 220 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 600 | 300 | 300 | 200 | 200 |
| 27 | राजस्थान | 1004 | 75 | 682 | 50 | 350 | 250 | 490 | 200 | 670 | 0 | 330 | 350 | 350 | 300 | 150 |
| 28 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | तमिलनाडु | 0 | 0 | 0 | 150 | 50 | 150 | 100 | 0 | 0 | 0 | 450 | 200 | 200 | 0 | 0 |
| 30 | तेलंगाना | | | | | | | | 1150 | 1140 | 1540 | 1750 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | त्रिपुरा | 0 | 100 | 0 | 40 | 100 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 675 | 685 | 150 | 225 | 980 | 1695 | 2110 | 1185 | 2448 | 1550 | 945 | 2600 | 2500 | 2300 | 1640 |
| 33 | उत्तरांखंड | 0 | 0 | 0 | 30 | 50 | 120 | 100 | 30 | 30 | 50 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 0 | 623 | 2050 | 50 | 1200 | 500 | 700 | 250 | 1580 | 760 | 200 | 740 | 590 | 500 | 550 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरि | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **4097** | **5522** | **5532** | **4845** | **7880** | **6716** | **9997** | **8168** | **16427** | **8110** | **11862** | **10097** | **9580** | **5300** | **5140** |

*****